## सार-समाचार

### डॉ.अंबेडकर नगर से नई दिल्ली के लिए नई ट्रेन

**कोटा,** (निसं)। देश में रेल संपर्क सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप और भारतीय संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार 13 अप्रैल 2025 को नई रेलगाड़ी डॉ.अम्बेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन, जो मध्यप्रदेश एवं राजस्थान राज्यों को भारत की राजधानी नई दिल्ली से सीधे जुड़ने की सौगात मिली। इस अवसर पर अध्यक्ष, लोकसभा ओम बिरला द्वारा रविवार 13 अप्रैल 2025 को डॉ.अम्बेडकर नगर एवं कोटा रेलवे स्टेशनों पर डॉ.अम्बेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ कर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नई ट्रेन डॉ. अम्बेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली एक्सप्रेस को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डॉ.अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन से महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, सांसद उज्जैन अनिल फिरोजिया, सांसद इंदौर शंकर लालवानी एवं राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार उपस्थित रहे। इनके अलावा कोटा एवं डॉ.अम्बेडकर नगर शहर के अन्य सांसदों/विधायकों और शहरों के गणमान्य नागरिकों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय जनसमूहों के रूप में मौजूद रहते हुए कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कोटा रेलवे स्टेशन से पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मण्डल से मण्डल रेल प्रबंधक एवं डॉ.अम्बेडकर नगर रेलवे स्टेशन से पश्चिम मध्य रेल के रतलाम मण्डल से मण्डल रेल प्रबंधक सहित दोनों मंडलों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### निःशुल्क अस्थि घनत्व जांच एवं एनीमिया मुक्त शिविर संपन्न

**कोटा,** (निसं)। रोटरी क्लब कोटा एवं बरथूनिया फिटनेस क्लब और बरथुनिया नर्सिंग होम के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को निशुल्क अस्थि घनत्व तथा एनीमिया जाँच व परामर्श शिविर का आयोजन रोटरी बिनानी सभागार में किया गया। क्लब अध्यक्ष मुकेश व्यास ने डॉ.सौरभ बरथूनिया (फिटनेस एक्सपर्ट) एवं डॉ. निधि बरथुनिया (वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ) माला एवं उपरना पहनाकर उनका स्वागत किया। शिविर के आरम्भ होने से पहले डॉक्टर्स द्वारा हड्डियों की मजबूती एवं देखभाल महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। क्लब सचिव घनश्याम मूंदड़ा ने बताया कि इस शिविर में सुबह से ही महिलाओं और पुरुषों का आना-जाना लगा रहा। जिसमें लगभग 200 से अधिक लोगों ने अस्थि घनत्व की जाँच कराई। उनकी रिपोर्ट के आधार पर उन्हें डॉक्टर्स से परामर्श करके उनकी डाईट के बारे में बताया गया। क्लब अध्यक्ष मुकेश व्यास ने बताया कि पूरे भारत में रोटरी द्वारा चलाए जा रहे एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत शिविर लगाया गया है। जिसमें 200 से अधिक लड़कियों, महिलाओं एवं पुरुषों की हीमोग्लोबिन की जाँच की गई। तय मानकों से कम हीमोग्लोबिन पाए जाने वाले लड़कियों और महिलाओं को आयरन और अन्य दवाई निःशुल्क वितरित की गई। डॉ. निधि बरथुनिया ने महिलाओं को उचित परामर्श दिया। शिविर के दौरान पीडीजी सीएम बिरला, जयंत उपाध्याय, अनुपम शर्मा, रीना शर्मा, लक्ष्मण सिंह खींची, शैलेन्द्र सिंह सोमवंशी, मनीषा व्यास, डॉ नीरल बरथुनिया एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### कुछ छात्रों के परीक्षा केंद्र मे परिवर्तन

**छबड़ा** (निसं)। अमरचंद राजकुमारी बरडिया जैन विश्व भारती महाविद्यालय में बीए प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की 15, 17, 21 अप्रैल को होने वाली परीक्षा में द्वितीय व तृतीय पारी के कुछ छात्रों के परीक्षा केंद्र मे परिवर्तन किया गया है। प्राचार्य एवं केंद्राधीक्षक डॉ. आरसी मीणा के अनुसार बीए प्रथम सेमेस्टर 15 अप्रैल को हिंदी साहित्य विषय की द्वितीय पारी 11 से 2 बजे वाली पारी के रोल नम्बर 354466 से 357347 तथा रोल नम्बर 25137162 से 25137736 तक व तृतीय सेमेस्टर तीसरी पारी के 3 से 6 मे रोल नम्बर 306207 से 355743 तक, 17 अप्रैल को बीए प्रथम सेमेस्टर के भूगोल विषय की द्वितीय पारी 11 बजे 2 बजे तक के रोल नम्बर 354322 से 355940 तक, 21 अप्रैल को सामान्य हिंदी विषय की 11 से 2 बजे वाली पारी के रोल नम्बर 354471 से 356927 तक तथा रोल नम्बर 25137161 से 25137746 तक के, तृतीय सेमेस्टर के तृतीय पारी मे पर्यावरण अध्ययन के रोल नम्बर 306207 से 355297 तक के परीक्षार्थियों को उच्च माध्यमिक विद्यालय छबड़ा (सेंट्रल बैंक के सामने) मे होगी।

### स्टेशन अग्रवाल महिला मंडल के चुनाव में शशि गोयल को अध्यक्ष चुना गया

**कोटा,** (निसं)। स्टेशन अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष पद पर शशि गोयल को चुना गया। साथ ही, महामंत्री ऋचा गोयल एवं कोषाध्यक्ष चंद्रकला मित्तल का भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इससे पहले स्टेशन महिला मंडल की निर्मला अग्रवाल, गायत्री मित्तल, अंजली गुप्ता, अनीता गर्ग एवं सुनीता अग्रवाल, संरक्षक गायत्री मित्तलके सानिध्य में बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष शशि गोयल ने बताया कि संगठन की समस्त महिला शक्ति को साथ लेकर चलूंगी। वर्ष में कुछ नया करने का सोच लेकर कार्य संपन्न किए जाएंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन जिला कोटा के अध्यक्ष राजेश मित्तल, महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र गर्ग, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, महिला अध्यक्षा गायत्री मित्तल, महामंत्री रीना मित्तल, युवा अध्यक्ष मुकेश जैन सहित समस्त पदाधिकारियों ने बधाई शुभकामनाएं दी। बैठक में महिला पदाधिकारियों में मुख्य रूप से रमा अग्रवाल, अनीता बंसल, अमिता अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, इंद्रा सिंघल, मंजू बंसल उपस्थित रही।

### दो गुटों के झगड़े का वीडियो वायरल

**कोटा,** (निसं)। शहर के जवाहर नगर इलाके में सोमवार तकड़े दो गुटो में झगड़े का मामला सामने आया है, जिसका विड़ियो सोशल मिडिया पर भी वायरल हो रहा है। हालांकि इस मामले में पुलिस का कहना है कि अभी तक किसी भी पक्ष की तरफ से कोई भी मामला दर्ज नही हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जवाहर नगर इलाके में सोमवार तडके 5 बजे करीब कुछ जने चाय की थड़ी और पोहे का ठेला लगाने की तैयारी कर रहे थे उसी समय कुछ युवक हाथ में लाठियां लेकर आते है और दूसरे गुट के युवकों से उलझ गये और फिर लाठियों से हमला कर दिया।

### सिंघवी ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत की

**छबड़ा** (निसं)। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने शंकर कॉलोनी चांचौडा में 11 रुद्र कुंडीय महायज्ञ व शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत कर धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। यहां सिंघवी ने धर्म के मार्ग पर चलने, कुरूतियो को त्यागने, खुद को आध्यात्म से जोडने के लिए आव्हान किया। यहां भाजपा नेता हिम्मत सिंह सिंघवी, प्रधान हरिओम नागर, भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष सीपी गेरा, श्याम कचनारिया, विमल जैन, रितेश शर्मा, हरिओम गौड़, कमल यादव, गौरव सेन आदि मौजूद थे। यहां आयोजको द्वारा विधायक सिंघवी का स्वागत सम्मान किया।

### पर्वता हनुमान जी का हुआ श्रृंगार

**कोटा,** (निसं)। पर्वता हनुमान जी मंदिर बजरंग दालमील रोड कोटड़ी कोटा पर हनुमान जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें हनुमानजी का विशेष श्रृंगार किया गया, उन्हें भोग लगाया गया, चोला चढ़ाया गया और विशाल जागरण का आयोजन किया गया जिसमें देर रात तक भक्त हनुमानजी के भजनों पर थिरकते रहे। श्री हनुमान जयंती महोत्सव के तहत विशाल आम-भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ली। इस दौरान बजरंगबली के जयकारे गुंजाएमान रहे।

### सीएम आदित्यनाथ से मिले सिंघवी

**छबड़ा** (निसं)। छबड़ा विधायक व पूर्व मंत्री प्रतापसिंह सिंघवी ने लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर पहुंच यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से षिश्टाचार मुलाकात की। यहां सीएम ने राजस्थान सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। सिंघवी ने कहा कि सीएम आदित्यनाथ के नेतृत्व, जनसेवा व राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण ने देष का नई दिशा दी है।

### राजकुमार गोयल अध्यक्ष बने

**बूंदी** (निसं)। शहर के सिलोर रोड स्थित अग्रवाल सेवा सदन में रविवार शाम को लंका गेट व्यापार संघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने युवा व्यवसायी राजकुमार गोयल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

# कोटा में फैकल्टीज अब हॉस्टल्स में जाकर स्टूडेंट्स को दे रहे संबल

**कोटा,** (निसं)। कोचिंग सिटी कोटा में कोटा केयर्स अभियान के तहत जिला प्रशासन के साथ कोटा स्टूडेंट्स वेलफेयर सोसायटी के निर्देशन में विद्यार्थियों की मानसिक और भावनात्मक सेहत के लिए भी कोटा शहर को रोल मॉडल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कोटा केयर्स में नई पहल के तहत अब एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की टॉप फैकल्टीज क्लासरूम्स और कोचिंग सेंटर की

- कोटा केयर्स के तहत शहर में केयरिंग की नई पहल
- 40 फैकल्टीज ने 300 से अधिक हॉस्टल्स विजिट किए



कोटा में फैकल्टीज हॉस्टल्स में जाकर स्टूडेंट्स से चर्चा कर रही है।

सीमाओं से बाहर निकलकर सीधे छात्रों के हॉस्टल्स तक पहुंच रही हैं। इस पहल का उद्देश्य केवल एकेडमिक गाइडेंस तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों की केयरिंग को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। फैकल्टीज हॉस्टल्स में जाकर छात्रों से रूबरू हो रही हैं, उनकी समस्याएं सुन रही हैं, समाधान दे रही हैं और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। यह विशेष अभियान आगामी 4 मई को नीट परीक्षा में शामिल होने जा रहे परीक्षार्थियों के लिए शुरू किया गया है। सेशन विशेष रूप से जवाहर नगर, लैंडमार्क सिटी और अन्य प्रमुख छात्र आवासीय क्षेत्रों में किए जा रहे हैं।

एलन की इस विशेष टीम में शामिल 40 अनुभवी फैकल्टीज को प्रतिदिन 2-2 के समूहों में विभाजित किया गया है, जो रोजाना 20 से अधिक हॉस्टल्स का दौरा कर रहे हैं। ये सेशन्स करीब एक से सवा घंटे के होते हैं, जिसमें स्टूडेंट्स अपनी हर तरह की समस्या शेयर कर सकते हैं। इन विजिट्स के दौरान फैकल्टीज न केवल छात्रों से मिलकर उन्हें व्यक्तिगत और हॉस्टल संबंधी समस्याओं के लिए भी सहयोग प्रदान कर रहे हैं। छात्रों के अनुसार, यह पहल उनके लिए काफी राहत देने वाली साबित हो रही है।

आमतौर पर परीक्षा के समय कई छात्र मानसिक रूप से अकेलापन महसूस करते हैं, लेकिन जब उनके अपने शिक्षक उनसे हॉस्टल में मिलते हैं और बिना किसी औपचारिकता के बातें करते हैं, तो वे खुद को और अधिक सुरक्षित और प्रेरित महसूस करते हैं। इस पहल के पीछे एलन का उद्देश्य सिर्फ पढ़ाई कराना ही काफी नहीं, बल्कि छात्रों का समग्र विकास और मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। फैकल्टीज छात्रों से वन-टू-वन बातचीत कर रहे हैं, उन्हें परीक्षा से पहले तनाव प्रबंधन की तकनीकें सिखा रहे हैं और विश्वास दिला रहे हैं कि वे अकेले नहीं हैं। यदि किसी छात्र को परीक्षा को लेकर डर, घबराहट या थकान महसूस हो रही है, तो फैकल्टीज उन्हें विशेष सलाह भी दे रहे हैं।

### अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। देशभर में 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जा रहे अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत सोमवार को श्रीनाथपुरम फायर स्टेशन से एक जागरूकता रैली के आयोजन के साथ की गई। इस अवसर पर कोटा दक्षिण नगर निगम आयुक्त अनुराग भार्गव एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली से पूर्व फायर स्टेशन परिसर में 1944 के मुंबई अग्निकांड में शहीद हुए 67 अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन ने दो मिनट का मौन रखकर उन वीरों के प्रति सम्मान व्यक्त किया, जिन्होंने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए प्राणों की आहुति दी। कार्यक्रम के दौरान जय बाईसा राज राजपूताना संस्था की संस्थापक हेमलता सिंह गहलोत एवं संस्था सचिव हेमलता हाड़ा ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास को संस्था का प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, उन्होंने सभी अग्निशमन कर्मियों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान को सराहा और 'अग्नि वीरों' को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर वितरित



कोटा में दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर दी गई है।

**कोटा,** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं समरसता के प्रतीक बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर कोटा में न्यायालय चौराहे स्थित प्रतिमा स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित कर विशेष योग्यजनों के लिए सहानुभूतिपूर्ण और सशक्तिकरण से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा बजट 2024-25 में की गई घोषणा के तहत जिले के मांसपेशीय दुर्विकार से पीड़ित दो जुड़वां दिव्यांग भाईयों को इलेक्ट्रिक पॉवर व्हीलचेयर प्रदान की गई। यह पहल विशेष योग्यजनों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

कार्यक्रम में कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर प्रदान कर कहा कि यह योजना दिव्यांगजनों के जीवन को न केवल सुविधाजनक बनाएगी, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में भी मदद करेगी।

संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कि जिले के अन्य चिन्हित 20 दिव्यांग लाभार्थियों को भी शीघ्र ही इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर वितरित की जाएगी।

## भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती मनाई

**कोटा,** (निसं)। भारतरत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब बी.आर.अम्बेडकर की जयंति पर शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये है। संविधान निर्माता भारत रत्न महाराव भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर सोमवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने कलेक्ट्री चौराहे स्थित आंबेडकर मूर्ति पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर वहीं पर गोष्ठी का आयोजन किया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि भीमराव अंबेडकार ने संविधान का निर्माण कर देश को नई दिशा दी उन्होंने समाज की कुरूतियों को खत्म कर देश में छुआछूत ऊंच-नींच का भेदभाव दूर करने, दलित, महिलाओं, देश में गरीब, किसान, शिक्षा का उत्थान का करने काम किया अखिल भारतीय बैरवा महासभा कोटा द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया।

महासभा के जिला संयोजक राम रतन बैरवा ने बताया कि इस मौके पर बाबा साहब के तीन सिद्धांत संगठित रहों, शिक्षित बनों और संघर्ष करों पर चलने का आव्हान किया गया।

डीसीएम रोड़ स्थित शिवाजी पार्क में मॉर्निंग क्लब टीम द्वारा भारत रत्न भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया अंबेडकर जयंती कार्यक्रम के संयोजक कैप्टन सुरेश वाल्मीकि ने बताया कि सभी सदस्यों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने अपने उद्बोधन में बताया कि अंबेडकर विद्वान विधि-वक्ता अधिवक्ता राजनीतिक के गुणों से परिपूर्ण थे। उन्होंने अपने जीवन में तीन बातें बताई कि शिक्षित बनों संघर्ष करों और संगठित रहों। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर भाजपा शहर कोटा द्वारा अदालत चौराहा पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर मंचस्थ पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को एवं कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया।

## 'जल मंदिर प्रकल्प' के तहत दो नवीन प्याऊ का लोकार्पण

**कोटा,** (निसं)। भारत विकास परिषद्, विवेकानंद शाखा द्वारा 'जल मंदिर प्रकल्प' के अंतर्गत भवानीमंडी नगर के विभिन्न व्यस्ततम क्षेत्रों में जनसेवा हेतु जल मंदिरों (प्याऊ) की स्थापना की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को दो नवीन जल मंदिरों का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रथम जल मंदिर का लोकार्पण डॉ.एम.एल. आहूजा के सौजन्य से आहूजा हॉस्पिटल के बाहर किया गया। इस अवसर पर फीता काटकर जल मंदिर का शुभारंभ डॉ.एम.एल.आहूजा, गोविंद भराड़िया, मनोज अग्रवाल एवं श्याम चौधरी द्वारा किया गया।

द्वितीय जल मंदिर का उद्घाटन कोटा स्टोन इंडस्ट्रीज़ वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से इंडस्ट्रियल एरिया में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अरुण गर्ग, एसएसआई अध्यक्ष सीटू होरा, गुरु सिंह सभा अध्यक्ष प्रितपाल होरा, एवं भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष हेमराज शर्मा द्वारा फीता काटकर जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान परिषद् के सचिव आदित्य नाहर के साथ-साथ परिषद् के सक्रिय सदस्य




भारत विकास परिषद् विवेकानंद शाखा द्वारा नवीन प्याऊ का लोकार्पण किया गया है।

मनोज अग्रवाल, डी.के. गुप्ता, उमाशंकर पोरवाल, श्याम चौधरी, प्रदीप शर्मा, परमजीत सिंह, ओम शर्मा, सुमित सिंह छाबड़ा, नंदलाल व्यास, तथा कोटा स्टोन वेलफेयर सोसाइटी के अरुण गर्ग, सौरभ बंसल, मनीष जाखेतिया, पंकज पांडे, एवं बृजेश खंडेलवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

यह जल सेवा, भारत विकास परिषद् की मूल भावना सेवा, संस्कार, सहयोग और समर्पण का सजीव उदाहरण है। परिषद् का यह सतत प्रयास नगरवासियों की सुविधा एवं सामाजिक उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सार-समाचार

### चाकूबाजी के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**कोटा,** (निसं)। सुलतानपुर पुलिस टीम ने थाने में दर्ज चाकूबाजी के प्रकरण में कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने पकड़े गये आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू, एक बाईक और एक वेन को भी बरामद किया है। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 7 अप्रेल को फरियादी सतीश कुमार ने थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि सुल्तानपुर के समीप भौंरा रोड़ पर समीर मिस्त्री के छोटे भाई व उसके साथियों ने रोककर जान से मारने की नियत से चाकू व लकड़ी से हमला कर दिया। हमले में उसके शरीर में कई जगह चोटें आई है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक राजेश ढाका के निर्देशन एवं सुल्तानपुर थानाधिकारी सत्यनारायण मालव के नेतृत्व में टीम गठित की गई। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए दिनदहाड़े फरियादी सतीश पर हुए चाकू से हमले के मामले में आरोपी रहीम मोहम्मद उर्फ कालू व रियाज हुसैन उर्फ राजू एवं साहिल को गिरफ्तार किया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों से पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त चाकू एक बाईक और एक वेन को बरामद करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान जारी है एवं प्रकरण में वांछित आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### टैंक की वेल्डिंग करते समय ऊंचाई से गिरने से मजदूर की मौत

**कोटा,** (निसं)। जिला बूंदी के तालेड़ा थाना इलाके के गुमानपुरा में स्थित ऑयल प्लांट में काम करते समय एक मजदूर ऊंचाई से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गंभीर घायलावस्था में उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक बंबोरी गढ़ेपान निवासी सत्यनारायण पांचाल (54) है, जो ऑयल प्लांट में ठेकेदार के पास वेल्डिंग का काम करता था। वही एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी के बाहर परिजनों ने मौके पर ठेकेदार को बुलाने की मांग की। वहीं ठेकेदार के मौके पर पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ। तालेड़ा थानाधिकारी अजित बागडोलिया ने बताया कि सोमवार को सुबह 11 बजे करीब की घटना है। मजदूर सत्यनारायण पांचाल टैंक पर वेल्डिंग करते समय 3 मीटर की ऊंचाई से नीचे गिर गया। जिसे उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। थानाधिकारी ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

**झालावाड़** (निसं)। कांग्रेस कार्यालय में संविधान निर्माता, भारत रत्न, डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर सभी कांग्रेसजनों ने पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष डॉ नन्दसिंह राठौड ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहेब ने गरीबों, दलितों, पिछडे वर्ग को उन्होंने अपने अधिकार दिलाये वह श्रमिक हितों के लिए हमेशा उनके अधिकारों के लिए संघर्ष किया करते थे छुआछूत मिटाने के लिए उन्होंने अभियान चलाए समानता का अधिकार के वह पक्षधर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एडवोकेट घनश्याम गुर्जर ने बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर को आजादी के बाद बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई थी संविधान निर्माण की उन्होंने अपनी कुशाग्र बुद्धि से दुनिया का विशालतम संविधान निर्माण कर इसमें वह सफल हुए आज भी उसी संविधान की रक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं अंबेडकर जयंती पर शहर में निकाली गई।

## भाजपा वक्फ सुधार जन जागरण अभियान चलाएगी

**बूंदी** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी वक्फ कानून पर विपक्ष के विरोध का जवाब देने के लिए बड़ी रणनीति के तहत 20 अप्रैल से 5 मई तक 'वक्फ सुधार जन जागरण अभियान' चलाएगी। इस दौरान समाज के हर तबके, विशेषकर मुस्लिम समुदाय और महिलाओं से संवाद करेंगी। बीजेपी का दावा है कि यह कानून मुसलमानों के लिए फायदेमंद है और वक्फ संपत्तियों का सही उपयोग सुनिश्चित करेगा। इसके संचालन के लिए शीर्ष नेतृत्व की सहमति से चार सदस्यीय जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया हैं। भाजपा नेता संजय लाठी ने बताया कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के प्रावधान, सुधार और इससे लाभार्थियों को मिलने वाले अधिकारों के जन जागरण अभियान के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष हाजी मेहमूद गोरी कल्लन को जिला प्रभारी बनाया हैं। इसी प्रकार जिला महामंत्री योगेंद्र श्रृंगी, नैनवा के पूर्व पालिकाध्यक्ष पुखराज ओसवाल व भाजपा मीडिया सम्पर्क विभाग के पूर्व प्रमुख प्रदीप हरसौरा को जिला सह प्रभारी नियुक्त किया हैं।

### भोलेनाथ ने नगर भ्रमण किया

**कोटा,** (निसं)। भोलेनाथ के जयकारों के साथ ही नाचते-गाते भक्त, पारम्परिक परिवेश में श्रद्धालु, पुष्प की वर्षा करते आमजन और भक्तिमय आंदोत्सव के बीच शिवजी नगर भ्रमण को निकले, उनकी एक झलक पाने को लोग आतुर दिखाई दिए, किसी ने बम-बम भोले तो किसी ने जय शिव शंकर का जयकारा लगाया, जहां से भी शिवजी की शोभायात्रा निकली लोगों ने दर्शन कर शिश नवाया।

रंगबाड़ी मार्ग पर भगवान श्री पिप्पलेश्वर महादेव मंदिर में भोलेनाथ का नव-प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव (पाटोत्सव) का आयोजन किया जा रहा है इसी के तहत भगवान भोलेनाथ नगर भ्रमण को निकले। मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष भारत भूषण अरोड़ा ने बताया कि मंदिर में भोलेनाथ को विधि विधान से समारोहपूर्वक अपने नूतन गृह में विराजित किया गया। पाटोत्सव महोत्सव पर सोमवार को शिव परिवार का महाभिषेक के पश्चात भगवान भोलेनाथ पारंपरिक ठाट-बाट से परीकरो के साथ नगर भ्रमण पर पधारें। जिसमें जगह-जगह पुष्प वर्षा आदि से भव्य स्वागत किया गया, स्वागत द्वारा लगाए गए। भजन मंडलियां भजनों पर नाचते गाते चलती रही, झांकी सजाई गई।

**न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोटा**
**प्रार्थना पत्र क्रमांक CM 45/2024**
(1) नन्द किशोर यादव आयु ..... वर्ष (2) श्रीमती कांता बाई आयु ..... वर्ष पत्नि श्री नन्द किशोर यादव निवासीगण- खाई रोड, नयापुरा, कोटा ..... प्रार्थीगण
- बनाम -
(1) कर्मचारी भविष्य निधि (पी.एफ.) विभाग विज्ञान नगर, कोटा (2) वेन्सा केयर प्रा.लि., 18 पूसा रोड पूसा ब्लाक नं. 8 डबल्यु.इ.ए. करोलबाग दिल्ली पि. 110005 (3) आम जन (4) मधु यादव पुत्री श्री नन्द किशोर यादव (5) प्रशान्त कुमार यादव पुत्र श्री नन्द किशोर यादव (6) जगदीश यादव पुत्र श्री नन्द किशोर यादव निवासीगण- खाई रोड़ नयापुरा, कोटा ..... प्रतिपक्षीगण
**आवेदन अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण ने इस न्यायालय मे आवेदन प्रस्तुत किया है कि स्व. श्री मदनलाल यादव आत्मज श्री नन्द किशोर यादव का निधन दिनांक 14.11.2022 को हुआ है । स्व. मदनलाल यादव साधारणतया खाई रोड नयापुरा, कोटा मे ही निवास करते थे। प्रार्थीगण मृतक मदनलाल यादव के पिता व माता है, प्रतिपक्षी क्रम 4 मृतक की बहिन व प्रतिपक्षी क्रम 5 व 6 मृतक के भ्राता हैं, स्व. मदनलाल यादव के प्रार्थीगण प्रथम श्रेणी के वारिस होने से उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, स्व. मदनलाल मृत्यु के समय प्रतिपक्षी क्रम 2 के यहां कार्यरत थे, जहां उनकी पी.एफ. ग्रेचुएटी की राशि जमा है, जिसके लिए प्रार्थी क्रम 1 को नोमिनी भी बनाया हुआ है । अत: यह प्रमाण पत्र प्रार्थीगण के पक्ष मे जारी करने में किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय मे दिनांक 16 माह 04 सन् 2025 को 7:30 AM बजे उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रार्थीगण के पक्ष मे उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा । हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 03 माह 04 सन् 2025 को जारी किया गया।
न्यायालय के आदेश से
वरिष्ठ मुंसरिम
मोहर जिला एवं सेशन न्यायालय कोटा (राज.)

**नाम परिवर्तन**
मैने अपना पुराना नाम AMRIN से बदलकर नया नाम AMREEN KAUSAR रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-अमरीन कौसर पत्नि स्वर्गीय नासिर मोहम्मद, 3-प-13 विज्ञान नगर, कोटा**

**नाम परिवर्तन**
मैने अपना पुराना नाम GIRIRAJ PRASAD GUPTA से बदलकर नया नाम GIRRAJ PRASAD GUPTA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-गिरराज प्रसाद गुप्ता पुत्र देवी शंकर गुप्ता मकान नम्बर 3-एफ-13, महावीर नगर थर्ड परिजात कालोनी, कोटा**

**नाम परिवर्तन**
मैने अपना पुराना नाम प्रकाश गुप्ता से बदलकर नया नाम प्रकाश खण्डेलवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
**पता-प्रकाश खण्डेलवाल पुत्र गिरराज प्रसाद गुप्ता, 3-f-13 महावीर नगर थर्ड परिजात कालोनी, कोटा**